राजस्थान सरकार

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन सहायक कलक्टर, खेतड़ी

पीठासीन अधिकारी – जय सिंह, आर.ए.एस.

मुकदमा नंम्बर– 76/2021

सुभाषचंद पुत्र धंशीराम जाति जाट उम्र 58 वर्ष निवासी मन्डाना तन् कालोटा तहसील खेतड़ी जिला झुंझुनूं राज.

.... प्रार्थी

ब–ना–म

राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार, खेतड़ी, जिला झुन्झुनू (राज)

..........अप्रार्थी

प्रार्थन पत्र – नाम दुरूस्ती

निर्णय **दिनांक 11–09–2021**

प्रार्थी की ओर से प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया गया कि वाके ग्राम मन्डाना स्थित भूमि जमाबन्दी सम्वत् 2075 लगायत 2078 के खाता संख्या 63, 94, 171, 199 में प्रार्थी का नाम सुवाराम पुत्र धंशी के स्थान पर सुभाषचंद पुत्र धंसीराम दुरूस्त कर राजस्व रिकार्ड में अमल दरामद किया जावे।

प्रार्थना पत्र पेश होने पर दर्ज रजिस्टर किया गया। तहसीलदार खेतड़ी से प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र में चाहे गये अनुतोष के सम्बन्ध में जांच रिपोर्ट ली गई। तहसीलदार खेतड़ी से प्राप्त जांच रिपोर्ट के अनुसार प्रार्थी के अनुतोष के अनुसार राजस्व रिकार्ड में दुरूस्ती किया जाना उचित है।

प्रार्थीया की ओर से साक्ष्य अभिलेख में नकल जमाबंदी संवत् 2075–78 खाता सं. 63, 94, 171, 199 ग्राम मन्डाना पेश की गई।

बहस विद्वान अधिवक्ता प्रार्थी सुनी गई। पत्रावली पर उपलब्ध प्रलेखीय दस्तावेजात एवं प्रार्थना पत्र के अभिवचनों तथा जांच रिपोर्ट तहसीलदार खेतड़ी का ध्यानपूर्वक अवलोकन एवं मनन किया गया। राजस्व ग्राम मन्डाना स्थित भूमि जमाबन्दी सम्वत् 2075 लगायत 2078 के खाता संख्या 63, 94, 171, 199 में प्रार्थी का नाम सुवाराम पुत्र धंशी के स्थान पर सुभाषचंद पुत्र धंसीराम दुरूस्त किया जाना न्यायोचित पाया जाता है। यदि उक्त भूमि रहन हो तो भूमि रहन मुक्त होने के उपरान्त ही निर्णय की पालना की जावे।

आदेश

अतः प्रार्थीया का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर राजस्व ग्राम मन्डाना स्थित भूमि जमाबन्दी सम्वत् 2075 लगायत 2078 के खाता संख्या 63, 94, 171, 199 में प्रार्थी का नाम सुवाराम पुत्र धंशी के स्थान पर सुभाषचंद पुत्र धंसीराम दुरूस्त कर राजस्व रिकार्ड में अमल दरामद किये जाने के आदेश दिये जाते हैं। आदेश की पालना हेतु तहसीलदार खेतड़ी को तहरीर जारी हो।

निर्णय आज दिनांक 11–09–2021 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(जय सिंह)
उपखण्ड अधिकारी एवं
पदेन सहायक कलक्टर, खेतड़ी

Signature Not Verified

Digitally signed by Jai Singh
Date: 2021.09.30 15:05:32 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
खेतड़ी जि. झुन्झुनूं (राज.)